भारत संचार निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
कार्यालय मुख्य महाप्रबन्धक दूरसंचार
विपणन शाखा, कमरा न0.07, दूरसंचार भवन, लाल कोठी, जयपुर . 302015
दूरभाष न0: 0141.2743316, फैक्स न0.: 0141.2743286

प्रेस विज्ञप्ति क्रमांक:12/2021
(10.3.2021)

बीएसएनएल उपभोक्ताओं को फर्जी मैसेज से सावधान रहने की सलाह

यह देखा गया है कि बीएसएनएल उपभोक्ताओं के पास कुछ फर्जी और धोखेबाज लोगों द्वारा मैसेज भेजे जा रहे हैं जिसमें उपभोक्ताओं से उनके मोबाइल कनेक्शन के संबंध में केवाईसी पूरी करने के लिए उनकी केवाईसी डिटेल उनके द्वारा बताए गए नंबर पर मांगी जा रही है और साथ में यह भी कहा जा रहा है कि यदि केवाईसी डिटेल नहीं दी तो उनकी बीएसएनएल सिम बंद कर दी जाएगी। सामान्य तौर पर ये फर्जी मैसेज CP-SMSFST, AD-VIRINF, CP-BLMKND, BP–ITLINN आदि हैडर से प्राप्त हो रहे हैं। केवाईसी डिटेल मांगने वाले ये फर्जी और धोखेबाज लोग उपभोक्ताओं के बैंक खातों से उनका पैसा निकालने के लिए केवाईसी डिटेल का दुरुपयोग कर रहे हैं। इससे उपभोक्ताओं को सावधान रहने की आवश्यकता है।

इस संबंध में बीएसएनएल राजस्थान परिमंडल के मुख्य महाप्रबंधक श्री संदीप गोविल ने बीएसएनएल के सम्माननीय उपभोक्ताओं को सूचित करते हुए बताया कि इस तरह के मैसेज, बीएसएनएल द्वारा नहीं भेजे जा रहे हैं, कृपया ऐसे फर्जी मैसेज और धोखेबाज लोगों से उपभोक्ता सावधान रहें।

(विकास चंदेलिया)
जन सम्पर्क अधिकारी